आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए लिया कड़ी मेहनत का संकल्प। कहा–पिछले ग्यारह वर्षों में देश में आया उल्लेखनीय बदलाव।
- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में लिया हिस्सा। कहा– शुगर इंडस्ट्री से जुड़े बीटेक और एमटेक के कोर्स चलायेगा संस्थान।
- आज अयोध्या में बृहस्पति कुंड का उद्घाटन करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल।
- शिक्षा मंत्रालय ने विकसित भारत बिल्डथॉन दो हजार पचीस के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाई। अब ग्यारह अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण।

**********

अपने शासन के पचीसवें वर्ष में प्रवेश करने पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पिछले ग्यारह वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। महिला, युवा किसान सशक्त हुए हैं और पचीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल और समाजिक सुरक्षा योजनाएं चल रही हैं। सरकार का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें गर्व से कहो ये स्वदेशी है का आह्वान नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने शासनाध्यक्ष के रूप में देश की सेवा के 25वें साल में प्रवेश करने पर लोगों का आभार व्यक्त किया । अपनी यात्रा का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला था, तो कई लोगों को लगता था कि गुजरात कभी दोबारा नहीं बढेगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों के जरिए उन्होंने गुजरात को सुशासन का केन्द्र बनाया। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2013 को याद किया जब वे 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में चुने गये थे। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया । उन्होंने कहा कि राष्ट्र साधना में रत प्रधानमंत्री के गौरवशाली चौबीस वर्ष गांव, गरीब, महिला, वृद्ध, किसान, नौजवान और वंचितों के जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति को समर्पित रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में स्व. डी.पी. बोरा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार रामायण काल की वनस्पतियों को अयोध्या क्षेत्र में दोबारा स्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है।

**श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान और उसके उपरांत जब भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण रामलला के विराजमान होने के बाद बना हम लोगों का ये प्रयास है उस मार्ग को और उस समय की वनस्पतियों का संग्रह हो और उन्हें अयोध्या के साथ साथ इस पूरे मार्ग में फिर से स्थापित करने का काम किया जाए। इस पर कार्य चल रहा है और मैं मानता हूं एक बड़ा कार्य होगा।**

**********

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजानिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कल कानपुर में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के नब्बेवें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने छात्रावास और मेस का भूमि पूजन तथा शिलान्यास किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर के मार्ग दर्शन में शुगर इंडस्ट्री से सम्बंधित बीटेक और एमटेक के रेगुलर कोर्स राष्ट्रीय शर्करा संस्थान द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है।

**एक बहुत बड़ा हॉस्टल और एक मेस का मैंने शिलान्यास भी किया । दोनों मिला के नियरली अबाउट 60 करोड़ रूपये हम इन्वेस्ट कर रहे हैं और इसी के साथ ही साथ हम आईआईटी कानपुर के गाइडेंस में बी टेक और एम टेक रेगुलर कोर्स शुगर इंडस्ट्री के रिलेटेड बी टेक और एम टेक कोर्स नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के द्वारा कराने का भी निर्णय किया है।**

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दिसम्बर दो हजार पचीस में प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी द्वारा बताया गया है कि परीक्षा के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया की अंतिम तिथि सात नवंबर है।

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री बृहस्पति कुंड का उद्‌घाटन करेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उद्‌घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने कल बताया कि प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया है।

**बृहस्पति कुंड में जो सौंदर्यीकरण का काम उच्चीकरण का काम हुआ है और साथ में दक्षिणभारत के जो संत हैं उनकी मूर्ति का अनावरण माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा और माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जाना है। तो उसकी तैयारियां भी की जा रही है। इसके बाद एक कार्यक्रम पीएफसी में जो मंदिर परिसर में पीएफसी है वहाँ पर एक कार्यक्रम होगा जहाँ पर संबोधन किया जाएगा।**

**********

शिक्षा मंत्रालय ने विकसित भारत बिल्डथॉन दो हजार पचीस के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि ग्यारह अक्टूबर तक बढ़ा दी है। एक रिपोर्ट–

**भारत बिल्डथॉन दो हजार पचीस नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी नवाचार मिशन है। इसका उद्देश्य देश के लगभग ढ़ाई लाख स्कूली छात्रों को इस पहल में शामिल करना है। यह देश की अब तक की सबसे बड़ी छात्र नवाचार पहल है तथा वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के दृष्टिकोण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस पहल में कक्षा छह से बारह तक के स्कूली छात्र शामिल होंगे। इस पहल का विषय वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और समृद्ध भारत पर केंद्रित होगा। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने दस हजार नौ सौ सतहत्तर करोड़ रुपये की राशि के पाँच लाख से अधिक ऋण आवेदन स्वीकृत किए हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले साल फरवरी में शुरू की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में ऋण प्रपात करना सरल हुआ है और योजना का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचा है। इस योजना को सरल बनाने और बिना संपत्ति के गारंटी के कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा सहायता की जा रही है। ऋण को ऑनलाइन जन सामर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रोसेस किया जाता है जिससे लाभार्थियों के लिए एक सरल डिजिटल और त्वरित अनुभव निश्चित होता है। यह पहल उन घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है जो रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए ऋण प्राप्त करेंगे। नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**नमकीन, अचार, शहद, पनीर और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दिया है।यह कदम बेहतर उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा और स्थानीय तथा लघु उत्पादकों को लाभान्वित करते हुए आजीविका को बढ़ावा देगा। नए जीएसटी सुधारो के अंतर्गत फुलकारी, कढ़ाई, ऊनी सॉल, हाथ से छपे कपड़े और महिलाओं के सूती कुर्ते सहित कपड़ा उत्पादों पर जीएसटी दर घटकर 5 प्रतिशत हो गया है। जिससे ये उत्पाद लोगों के लिए किफायती हो जाएंगे। इस बीच लकड़ी के लाख के खिलौनों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से खिलौना उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। शिवांग के साथ दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार दिल्ली**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आज से, जबकि पूर्वी जिलों में कल से मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार पूर्वी जिलों में आज भी कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना बनी हुई है। साथ ही आज से लेकर आगामी दो दिनों के भीतर प्रदेश में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट भी हो सकती है।

**********